# विशाल सवास्थ्य शिविर के रूप में लगे मानव सेवा के मेले में लगभग 25, 500 मरीजों का हुआ इलाज

## शिविर के समापन दिवस पर लगभग 5 हजार मरीज हुए लाभान्वित



ग्वालियर (आरएनएस)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती 25 दिसम्बर से शुरू हुए तीन दिवसीय विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। एलएनआईपी में एम्स भोपाल के सहयोग से आयोजित हुए इस शिविर के आखिरी दिन यानि शुक्रवार 27 दिसम्बर को लगभग 5 हजार मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व इलाज किया गया। तीन दिवसीय शिविर में कुल मिलाकर करीबन 25 हजार 500 मरीजों का एम्स के 22 विभागों के चिकित्सकों एवं पैरा मेडीकल स्टाफ द्वारा पूरी संवेदनशीलता व सेवाभाव के साथ इलाज किया गया। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के बाद 4 हजार 190 मरीजों को इलाज के लिए एम्स एवं अन्य उच्च चिकित्सा संसाधानों के लिए रेफर किया गया। विशाल स्वास्थ्य शिविर के रूप में लगे मानवसेवा के इस तीन दिवसीय मेले में पंजीकृत हुए मरीजों व इनके अटेंडर (परिजन) सहित लगभग 50 हजार लोगों की उपस्थिति हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अटल जी की जयंती 25 दिसम्बर को इस शिविर का उद्घाटन किया गया था। कुल मरीजों में लगभग 5 हजार ऐसे मरीज भी शामिल हैं, जिनका पंजीयन 25 दिसम्बर से पहले हुआ था और उन्होंने सामान्यतौर पर अथवा मौसमी बीमारी की वजह से शिविर में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया है। इन मरीजों की संख्या मुख्य डाटा में शामिल नहीं है। सांसद भारत सिंह की कुशवाह की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम , स्वास्थ्य विभाग, रेडक्रोस व अन्य विभागों एवं विशेष रूप से एम्स के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के रूप में आयोजित हुए मानव सेवा के इस कुंभ में ग्वालियर चंबल संभाग सहित मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश व राजस्थान के समीपवर्ती लगभग डेढ़ दर्जन जिलों के मरीजों का एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया। एम्स भोपाल के 160 चिकित्सकों सहित पैरामेडिकल स्टाफ को मिलाकर 200 लोगों की टीम इलाज करने के लिए आई थी।

स्थानीय स्तर पर भी चिकित्सकों, 52 पैरा मेडीकल स्टाफ, 55 डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं 50 सपोर्ट स्टाफ ने भोपाल एम्स से आए चिकित्सकीय दलों का सहयोग किया।शिविर के आखिरी दिन सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एलएनआईपी पहुंची। उन्होंने एम्स के चिकित्सकों व पैरा मेडीकल स्टाफ सहित पूरी टीम के प्रति आभार जताकर कृतज्ञता प्रकट की। साथ ही शिविर में सहयोग देने वाले एनसीसी, स्काउट व गाइड, बिरला नर्सिंग कॉलेज, गूंज, स्पर्श एवं भारतीय परिवार नियोजन संघ सहित अन्य सामाजिक संगठनों के वॉलेंटियर और मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

## सहकारिता विभाग दमोह का आडीटर 15 हजार रिश्वत लेते दबोचा

सागर(आरएनएस)। लोकायुक्त पुलिस सागर ने आज सहकारिता विभाग दमोह के अंकेक्षण अधिकारी (आडीटर ) रमेश प्रसाद कोरी को 15 हजार रूपये की रिश्वत लेते कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता दमोह के कार्यालय से रंगे हाथों दबोचा है। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक सागर योगेश्वर शर्मा ने बताया कि आवेदक जीवन लाल पटेल प्रभारी समिति प्रबंधक सहकारी समिति खिरिया मडला दमोह ने शिकायत की कि अंकेक्षण अधिकारी आडीटर रमेश प्रसाद कोरी ने आडिट करने और उसमें कोई आपत्ति नहीं निकालने को लेकर 20 हजार रूपये की मांग की थी। लोकायुक्त पुलिस ने आज सहकारिता विभाग दमोह के कार्यालय में जाल बिछाकर आज जैसे ही प्रभारी प्रबंधक सहकारी समिति खिरिया मडला जीवन लाल पटेल ने 15 हजार रूपये दिये वैसे ही पास खडी लोकायुक्त की टीम ने आरोपी आडीटर रमेश प्रसाद कोरी को मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस के ट्रेप दल में डीएसपी बीएम द्विवेदी, इंस्पेक्टर केपीएस बैन आदि मौजूद थे। पुलिस ने आरोपी आडीटर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कलेक्टर श्री मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का किया शुभारंभ

मंडला (आरएनएस)। जबलपुर संभाग के मण्डला जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को रानी दुर्गावती महाविद्यालय ऑडीटोरियम में दीप प्रज्वलित कर जिला स्तरीय 28 वां युवा उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना गीत गाया गया। आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा कहानी लेखन, कविता लेखन, भाषण, साईंस मेला, एकल समूह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा भाषण एवं लोकगीत व लोकनृत्य का आयोजन किया गया, जिसे उपस्थित समुदाय ने देखा और सुना। इस अवसर पर युवा उत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा विज्ञान, कृषि, प्राकृतिक से संबंधित प्रदर्शन का आयोजन किया गया था, जिसका सभी ने अवलोकन किया। आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र ठाकुर सहित महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

## देवास पुलिस कप्तान गेहलोद द्वारा अपराधों पर नकेल कसने के बाद अब यातायात सुधारने की पहल

देवास (आरएनएस)। किसी भी बात के लिए या सुधार के लिए यदि शिद्दत से प्रयास किए जाये तो हर चीज सम्भव है। देवास में बीते दो माह पूर्व पदस्थ हुए देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा अपनी कार्यशैली से न केवल अपराधों और अपराधियों पर नकेल कसी है बल्कि शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने की कवायद शुरू की है जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे है।पुलिस कप्तान गेहलोद द्वारा बीते दिनों शुरू किए गए ऑपरेशन प्रहार,ऑपरेशन मुस्कान,ऑपरेशन बेल टू जेल,ऑपरेशन साइबर, ऑपरेशन फ्रॉड,ऑपरेशन सबक,त्रिनैत्रम जैसे अनेक नवाचार शुरू किए गए,जिससे न केवल अपराधों में कमी आई है बल्कि पुलिस के त्वरित एक्शन से अपराधियों में भी भय साफ़साफ़ नजर आने लगा है और पीड़ित को भी समय पर न्याय मिल रहा है। इसी तरह शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था को सुधारने के संकल्प के साथ मैदान में उतरी पुलिस कप्तान की टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरनारायण बाथम तथा यातायात थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में ट्रैफ़िक सिग्नल पर भागने वालों, उल्टी दिशा से आने वालों पर गहरी नजर बनाये रखते हुए समझाइश के साथ साथ चालानी कार्यवाही और अर्थदण्ड भी लगाया जा रहा है।

## भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की सिविल सर्विसेज मीट में खेल गतिविधियों में उमरिया जिले का रहा दबदबा

उमरिया (आरएनएस)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की सिविल सर्विसेज मीट 2024 का आयोजन 20 दिसंबर से 22 दिसंबर तक भोपाल में किया गया । सिविल सर्विसेज मीट में खेल गतिविधियों में उमरिया जिले का दबदबा रहा। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सीईओ जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ में भाग लिया तथा मैडल प्राप्त कर उमरिया जिले का नाम रोशन किया । श्री सिंह को सायकल मैराथन में प्रथम स्थान, बैडमिंटन पुरूष डबल में तृतीय, बैडमिंटन मिक्स डबल में द्वितीय, टेबिल टेनिस सिंगल में तृतीय स्थान तथा बिलियर्ड में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । उमरिया जिले की पहचान बांधवगढ नेशनल पार्क के साथ साथ खेल जिसमें हांकी, हैंडबाल, वालीवाल के रूप में है । वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी की खेल सफ्लताओं एवं रूचि से जिले के खिलाडियो का उत्साहवर्धन हुआ है तथा खिलाडियो ने अपेक्षा की है कि आगामी समय में जिले में खेल गतिविधियों एवं खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा निखारनें का ज्यादा अवसर मिल सकेगा ।

## अंग्रेजी नववर्ष पर श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के दर्शन की सुव्यवस्थित व्यवस्था कर सुगमतापूर्वक दर्शन कराए जाएंगे

### कलेक्टर ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दर्शन व्यवस्था का मुआयना कर आवश्यक निर्देश दिए



उज्जैन(आरएनएस)। वर्ष 2024 की समाप्ति एवं अंग्रेजी नववर्ष 2025 के अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर में दूरदराज से आने वाले दर्शनार्थियों की संख्या में वृद्धि होने के कारण उन्हें दर्शन की सुव्यवस्थित व्यवस्था कर सुगमतापूर्वक दर्शन कराने के लिए तैयारियां की जा रही है। कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने शुक्रवार 27 दिसंबर को प्रात: प्रशासनिक अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का मुआयना कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि शीघ्रता से बेरिकेडिंग की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सर्वप्रथम कर्कराज पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि पार्किंग स्थल पर समतलीकरण, साफ-सफाई, चलित शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था आदि व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके बाद कलोता समाज एवं भील समाज की धर्मशाला पर पार्किंग व्यवस्था का अवलोकन किया। उक्त स्थलों पर भी सुव्यवस्थित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रशासनिक अमले के साथ कर्कराज पार्किंग स्थल से पैदल मार्ग का मुआयना करते हुए गंगा गार्डन से गोंड बस्ती, चारधाम पार्किंग, शक्तिपथ, श्री महाकाल महालोक, मानसरोवर होते हुए भगवान महाकाल मंदिर की रैलिंग तक की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने दर्शनार्थियों की सुलभ दर्शन व्यवस्था के दौरान दर्शनार्थियों के लिए जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। शक्तिपथ के साईड रोड़ तरफकहीं कहीं अतिक्रमण है उसे हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## चीता 'वायु' कूनों के जंगल से श्योपुर शहर तक पहुंचा, सड़कों पर घूमते आया नजर

श्योपुर (आरएनएस)। चीता वायु मध्य प्रदेश के श्योपुर शहर पहुंच गया है। शहर की सड़कों पर दौड़ते उसका 6 मिनट का वीडियो भी सामने आया है। चीते के आस-पास चल रहे भारी वाहनों के चलते उसे खतरा भी हो सकता था। इससे कूनो प्रबंधन के चीता पर नजर रखे जाने के दावे पर सवाल खड़े हो गए हैं। चार दिन पहले कूनो नेशनल पार्क से निकलकर शहरी इलाके के पास पहुंचे चीता वायु ने तीन दिन बाद अपना ठिकाना बदल लिया। इस दौरान चीते ने एक मादा स्वान का शिकार किया और अपनी भूख मिटाई।मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात वह शहर के वीर सावरकर स्टेडियम के पास देखा गया। बुधवार सुबह उसकी लोकेशन बेला भीमलत गांव के पास है। कूनो नेशनल पार्क की चीता ट्रैकिंग टीम इस चीते को ट्रैक कर रही है। अब चीते की लोकेशन बेला भीमलत गांव के पास है। चीता स्टेडियम, कलेक्ट्रेट और ईको सेंटर होते हुए बावंदा नाले तक पहुंचा है। इस इलाके से सामान्य और कूनो वन मंडल के बफ्र जोन का जंगल लगा हुआ है। कयास लगाए जा रहे हैं कि चीता अब कूनो वापस लौट जाएगा।

## व्यापार समाचार

# इंडियन इकोनॉमी के लिए आई अच्छी खबर, जीडीपी को लेकर वित्त मंत्रालय ने जारी किया ये अनुमान

नई दिल्ली (आरएनएस)। इंडियन इकोनॉमी के लिए आई अच्छी खबर है। वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार फिर तेज होगी। वित्त मंत्रालय की बृहस्पतिवार को जारी मासिक रिपोर्ट में कहा गया कि देश की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में नरमी आई और यह कम होकर 5.4 प्रतिशत पर रही। वित्त मंत्रालय ने नवंबर के लिए अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में नरमी के बाद, तीसरी तिमाही का परिदृश्य बेहतर दिखाई दे रहा है। इसका पता अक्टूबर और नवंबर के लिए महत्वपूर्ण आंकड़ों (जीएसटी संग्रह, पीएमआई आदि) से चलता है।

इसमें कहा गया है कि रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि, जलाशय में जल स्तर का अधिक होना और पर्याप्त उर्वरक उपलब्धता रबी बुवाई के लिए अच्छा संकेत है। कुल मिलाकर औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। वित्त मंत्राय की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में वृद्धि परिदृश्य पहली छमाही के मुकाबले बेहतर है।'' इसमें कहा गया है कि मांग में नरमी का कारण संभवत: केंद्रीय बैंक का मौद्रिक नीति रुख और विवेकपूर्ण उपाय हो सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अच्छी खबर है कि केंद्रीय बैंक ने दिसंबर, 2024 में अपनी मौद्रिक समीक्षा बैठक में नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को 4.5 प्रतिशत से घटाकर चार प्रतिशत कर दिया। इससे कर्ज वृद्धि को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी, जो वित्त वर्ष




2024-25 में कुछ धीमी हुई है।

**डॉलर मजबूत होने से रुपये पर बढ़ा दबाव**

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 को देखा जाए तो नई अनिश्चितताएं सामने आई हैं और वैश्विक व्यापार वृद्धि पहले की तुलना में अधिक अनिश्चित दिख रही है। इसमें यह भी कहा गया है कि शेयर बाजार का ऊंचा स्तर एक बड़ा जोखिम पैदा कर रहा है। डॉलर की मजबूती और अमेरिका में नीतिगत दर के बारे में पुनर्विचार ने उभरते बाजार की मुद्राओं को दबाव में ला दिया है। इससे उभरती अर्थव्यवस्थाओं में मौद्रिक नीति-निर्माता नीतिगत दरों के बारे में और अधिक गहराई से सोचेंगे। इसमें कहा गया है कि कुल मिलाकर, वृद्धि को बनाये रखने के लिए सभी संबंधित पक्षों को मिलकर और प्रतिबद्ध होकर काम करने की जरूरत होगी। पीएमआई के संबंध में, रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्टूबर और नवंबर के आंकड़े यह बताते हैं कि कंपनियों के नये ऑर्डर में वृद्धि हो रही है और मांग मजबूत है। इसके साथ, वे विस्तार कर रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि सरकारी पूंजीगत व्यय में अपेक्षित वृद्धि से सीमेंट, लोहा, इस्पात, खनन और बिजली क्षेत्रों को समर्थन मिलने की उम्मीद है। हालांकि, कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अनिश्चितताओं और आक्रामक नीतियों से घरेलू वृद्धि को खतरा है।मांग पक्ष के बारे में इसमें कहा गया है, ग्रामीण मांग मजबूत बनी हुई है। अक्टूबर-नवंबर, 2024 के दौरान दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री और घरेलू ट्रैक्टर की बिक्री में क्रमश: 23.2 प्रतिशत और 9.8 प्रतिशत की वृद्धि से इसका अनुमान लगाया जा सकता है। शहरी मांग बढ़ रही है। अक्टूबर-नवंबर, 2024 में यात्री वाहनों की बिक्री में सालाना आधार पर 13.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। घरेलू हवाई यात्री यातायात में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। जबकि तीसरी तिमाही में इसके 5.7 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

## जीओ का धमाकेदार न्यू ईयर ऑफर , इस पैक में पाएं 2150 रुपए का फायदा

नई दिल्ली (आरएनएस)। अगर आप जियो यूजर हैं तो आपके लिए खुशखबरी है! रिलायंस जियो ने नए साल के मौके पर अपने ग्राहकों के लिए एक धमाकेदार ऑफर पेश किया है। इस ऑफर के तहत आप 2025 रुपये के रिचार्ज पर 2150 रुपये तक का फायदा उठा सकते हैं। जियो का यह ऑफर 2025 रुपये वाले प्रीपेड प्लान के साथ आता है।इस प्लान में आपको कई आकर्षक लाभ मिलते हैं। इसमें हर दिन 2.5GB हाई स्पीड डेटा मिलता है, जिससे आप इंटरनेट का बेझिजक लुत्फ उठा सकते हैं। इसके अलावा, अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग की सुविधा भी दी जाती है, जिससे आप किसी भी नेटवर्क पर बिना किसी बाधा के बात कर सकते हैं। इस प्लान की वैलिडिटी 200 दिनों तक है, जिससे आपको बार-बार रिचार्ज कराने की चिंता नहीं रहेगी। साथ ही, इस प्लान के साथ आपको Ease-MyTrip, Ajio और Swiggy के फ्री वाउचर्स मिलते हैं, जिनका उपयोग आप फ्लाइट बुकिंग, कपड़े खरीदने और फूड ऑर्डर करते समय छूट पाने के लिए कर सकते हैं। इस प्लान के साथ आपको न केवल किफायती बल्कि सुविधा भी पूरी मिलती है।

**कैसे उठाएं इस ऑफर का फायदा ?**

इस ऑफर का फायदा उठाने के लिए आपको 11 जनवरी 2025 तक 2025 रुपये वाले प्रीपेड प्लान से रिचार्ज करना होगा। रिचार्ज करने के बाद आपके ख्बह्ब्द्धश ऐप में वाउचर्स दिखाई देंगे, जिन्हें आप अपनी सुविधा के अनुसार इस्तेमाल कर सकते हैं।

**क्यों है यह ऑफर खास ?**

यह ऑफर इसलिए खास है क्योंकि इसमें आपको डेटा, कॉलिंग और अन्य सुविधाओं के साथ-साथ अतिरिक्त फायदे भी मिल रहे हैं। इस ऑफर के जरिए आप न केवल अपने मोबाइल रिचार्ज पर पैसे बचा सकते हैं बल्कि अन्य चीजों पर भी छूट पा सकते हैं।

## ईयर एंडर 2024 : दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार बना भारतीय स्टॉक मार्केट, पूंजीकरण 5 ट्रिलियन डॉलर के पार

मुंबई (आरएनएस)। भारतीय शेयर बाजार के लिए 2024 एक ऐतिहासिक वर्ष रहा। इस दौरान शेयर बाजार का पूंजीकरण 5.29 ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक गया और वैश्विक स्तर पर अमेरिका, चीन और जापान के बाद भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार बना। यह जानकारी गुरुवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में दी गई। वित्तीय फर्म पैंटोमैथ ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार, बेंचमार्क सूचकांक निफ्टी और सेंसेक्स ने इस वर्ष क्रमश: 26,277.35 और 85,978.25 का नया सर्वकालिक उच्च स्तर बनाया। वित्त वर्ष 24 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत रही है, जो कि उम्मीद से अधिक थी। हालांकि, महंगाई और कमजोर खपत के कारण वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में वृद्धि दर कमजोर रही है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में सरकारी खर्च, निजी निवेश और ग्रामीण विकास में तेजी से वृद्धि दर में सुधार की उम्मीद है। भारत वैल्यू फंड की सीआईओ और फंड मैनेजर मधु लूनावत के अनुसार, मध्यम अवधि के निवेश के दृष्टिकोण से भारत की लॉन्ग टर्म ग्रोथ स्टोरी में भाग लेने के लिए घरेलू और वैश्विक निवेशकों जैसे एआईएफ, पीएमएस, म्यूचुअल फंड आदि के लिए कई अवसर उपलब्ध हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र 10 प्रतिशत बढ़कर 6.14 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें ईवी अपनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है और इस सेक्टर से वित्त वर्ष 26 तक निर्यात 30 अरब डॉलर होने का अनुमान है। भारत 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन और 2030 तक 50 प्रतिशत रिन्यूएबल एनर्जी के लिए प्रतिबद्ध है, जिसे नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और रिन्यूएबल एनर्जी में 100 प्रतिशत एफडीआई द्वारा समर्थन दिया जा रहा है।

## भारत में आने वाले समय में तेजी से बढ़ेगी ब्रांडेड होटल्स की आय : रिपोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत में ब्रांडेड होटल की आय वृद्धि दर वित्त वर्ष 25 में 13-14 प्रतिशत और वित्त वर्ष 26 में 11-12 प्रतिशत रह सकती है। इसकी वजह आपूर्ति की तुलना में मांग का अधिक रहना है। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया कि ऑपरेटिंग मार्जिन में इस वित्त वर्ष में 100-150 आधार अंकों (बीपीएस) का सुधार होने की संभावना है और अगले वित्त वर्ष में भी यह इसी स्तर पर बना रहेगा, क्योंकि ऑपरेटिंग लीवरेज का लाभ मिलने लगेगा। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि घरेलू अवकाश और व्यावसायिक यात्राएं मांग के प्राथमिक चालक बने रहेंगे, एमआईसीई (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियां) सेगमेंट की बढ़ती मांग और विदेशी पर्यटकों के आगमन में इजाफे से होटलों की आय में वृद्धि को साहारा मिलेगा। पिछले वित्त वर्ष में भी होटल की आय में 17 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई थी। क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक मोहित मखीजा ने कहा, बढ़ती पर्यटन आकांक्षाओं और बेहतर क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के कारण घरेलू अवकाश सेगमेंट में वृद्धि जारी रहेगी। इसके अलावा, सकारात्मक आर्थिक दृष्टिकोण और कॉरपोरेट आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की 'मीट इन इंडिया' पहल से व्यवसाय और एमआईसीई सेगमेंट को समर्थन मिलेगा।

## रुपया सबसे निचले स्तर पर बंद

मुंबई (ए.)। अअमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को रुपया 23 पैसे टूटकर सबसे निचले स्तर 85.50 पर बंद हुअ। इससे पहले मुद्रा के मजबूत रुख और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में रुपया आठ पैसे टूटकर अपने सर्वकालिक निचले स्तर 85.35 पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार महीने तथा साल के अंत में भुगतान दायित्वों के लिए आयातकों द्वारा डॉलर की बढ़ती मांग से डॉलर को मजबूती मिली जिससे स्थानीय मुद्रा पर दबाव पड़ा। हालांकि, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और घरेलू बाजारों से सकारात्मक संकेतों ने भारतीय मुद्रा की गिरावट को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ 85.31 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 85.35 प्रति डॉलर के अपने नए सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की गिरावट दिखाता है।

## बोइंग और एयरबस को टक्कर दे रही एंब्रेयर

### जल्द ही दुनिया की दूसरी बड़ी एयरक्राफ्ट कंपनी होगी

लंदन (ए.)। अजरबैजान एयरलाइंस का एक विमान कजाखस्तान में हादसे का शिकार हुआ। इसमें 38 यात्रियों की मौत हुई, जबकि 29 लोग घायल हो गए। यह विमान बाकू से रूस के ग्रोज्नी जा रहा था।




विमान में कुल 62 यात्री और पांच क्रू मेंबर चालक दल के सदस्य थे। विमान के पक्षियों के झुंड के टकराने के कारण पायलट को एमरजेंसी लैंडिंग का फैसला लेना पड़ा। इस दौरान विमान में आग लग गई और वह दो टुकड़ों में टूट गया। विमान से दो बच्चों सहित 29 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। कजाखस्तान में दुर्घटनाग्रस्त हुआ अजरबैजान एयरलाइंस का विमान एंब्रेयर कंपनी का था। यह कंपनी का ईआरजे-190 विमान था जो 11 साल पुराना था। जब भी एयरक्राफ्ट बनाने वाली कंपनियों की चर्चा होती हैं, तब सबके जेहन में बोइंग और एयरबस का नाम आता है। बोइंग अमेरिका की कंपनी है, जबकि एयरबस यूरोपीय। लेकिन हाल के वर्षों में ब्राजील की एक कंपनी ने बोइंग और एयरबस से लोहा ले रही है। इस कंपनी का नाम एंब्रेयर है। हाल के वर्षों में बोइंग के विमानों के साथ कई तरह की समस्याएं आई हैं। इस कारण एंब्रेयर को अपना मार्केट बढ़ाने का मौका मिला है।बताया जा रहा हैं कि जल्दी ही यह बोइंग को पछाड़कर दुनिया की दूसरी बड़ी एयरक्राफ्ट मेकर कंपनी बनेगी। इसकी वजह यह है कि अमेरिका की कई बड़ी एयरलाइन कंपनियां भी अब एंब्रेयर के विमान खरीद रही है। इतना ही नहीं सिंगापुर एयरलाइन सहित दुनियाभर की कई एयरलाइंस भी एंब्रेयर के विमानों पर दांव लगा रही हैं। भारतीय वायु सेना को मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट की आपूर्ति के लिए एंब्रेयर ने इस साल फरवरी में महिंद्रा से हाथ मिलाया था। अभी भारतीय एयरलाइन कंपनियों, चार्टर्ड कंपनियों और डिफेंस फोर्सेज के पास 44 एंब्रेयर विमान हैं।

# नर्मदालोक का जल्द होगा कार्य शुरू, आर्किटेक्ट टीम ने किया घाटों का निरीक्षण

## 'घाट की संरचना देखी, जल निकासी की ली जानकारी

नर्मदापुरम (निप्र)। लंबे समय से की जा रही प्रतीक्षा के बाद अब नर्मदा लोक का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की संभावना है। कार्य शुरू करने से पूर्व आर्किटेक्ट ; वास्तुकार की टीम ने घाटों का निरीक्षण किया। घाट की संरचनात्मक की जांच की। पानी निकासी की जानकारी ली। टीम के निरीक्षण के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, उपयंत्री आयुषी रिछारिया उपस्थित थीं।

### वास्तुकार टीम ने किया निरीक्षण

'नपा उपयंत्री आयुषी रिछारिया ने बताया कि नर्मदा लोक का कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। आर्किटेक्चर की टीम ने घाटों का निरीक्षण किया है। आर्किटेक्चर की टीम में प्रमुख वास्तुकार सचिन बारेकर, वास्तुकार समीर खान, स्ट्रेक्चरल इंजीनियर इनायत शामिल थी। जिन्होंने डिजाइन की स्थिति, जल निकासी प्रणाली और मौजूदा घाट की संरचना का अवलोकन किया है। बताया गया है कि जो आर्किटेक्चर टीम ने निरीक्षण किया है उनमें से भारत के नए संसद भवन के निर्माण की टीम में शामिल रहे हैं।

### गोंदरीघाट से खर्राघाट तक बनेगा कोरिडोर

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि सांसदद्वय और विधायकगणों के मार्गदर्शन में नगर विकास के कार्य जारी हैं। लगभग 20 करोड़ की लागत से नर्मदा लोक का निर्माण गोंदरीघाट से खर्राघाट तक होगा। उक्त कार्य तीन चरणों में होगा। प्रथम चरण का कार्य शुरू हो चुका है। जिसमें सेठानीघाट और पर्यटन घाट शामिल हैं। सड़कें चौड़ी होंगी, पार्किंग स्थल बनेगा और श्रद्धालुओं के लिए अधिकतम सुविधा जुटाई जाएंगी।

### धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

'नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्य किए जाएंगे। जिनमें नर्मदा के नाम से पार्क बनाए जाएंगे।

सड़कों का नामकरण, जगह.जगह फव्वारें लगाना, दीवारों पर नर्मदा के संस्कृति और सभ्यता को दिखाने वाले चित्रों का निर्माण, नर्मदा किनारे के मंदिरों का विकास, संरक्षण के साथ जीर्णोद्धार किया जाना शामिल है।

### बी.टी.आई. उपकेन्द्र एवं रसूलिया फीडर का मैंन्टेनेंस के चलते आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बन्द

*नर्मदापुरम (निप्र)। प्रबंधक (शहर) जोन 1 म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. नर्मदापुरम ने बताया कि शनिवार 28 दिसम्बर 2024 को 11ः00 बजे से 02:00 बजे तक बी.टी.आई. उपकेन्द्र एवं रसूलिया फीडर का मैंन्टेनेंस किया जाना है। जिसके चलते विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 दिसम्बर को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक 33/11 केव्ही सबस्टेशन बी.टी.आई. उपकेन्द्र अंतर्गत ईदगाह, खोजनपुर गाँव, कब्रिस्तान, श्रीगुंज गार्डन के पीछे, जुमराती, कालीमंदिर, राजा मोहल्ला, बी.टी.आई, भीलपुरा, बसंत टाकीज, कोरी मोहल्ला, गुरूकुल, फूटा कुआ, राठौर मार्ग, बालागंज, रविशंकर मार्केट, लेंडिया मैदान अन्य संबंधित क्षेत्र तथा रसूलिया फीडर अंतर्गत विक्रम नगर, सरस्वती नगर, कंचन नगर, प्रताप नगर, फौजदार कालोनी, ग्राम रसुलिया, बंगाली कालोनी, संजय नगर, महिमा नगर, वर्मा कालोनी एवं अन्य संबंधित क्षेत्र में विद्युत लाईन बन्द रहेगी।*

# स्प्रिंगडेल्स स्कूल का कैडेट रिपब्लिक डे कैंप के लिए चयनित

## कॉरपोरल आदर्श तिवारी का चयन हुआ





नर्मदापुरम (निप्र)। स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल का एनसीसी कैडेट रिपब्लिक डे कल्चरल कैंप दिल्ली के लिए रवाना हुआ। कैडेट की इस उपलब्धि पर 13 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी एवं संस्था के डायरेक्टर ने कैडेट की मेहनत और समर्पण को सराहा। कैडेट का समर्पण और परिश्रम 13 एमपी बटालियन नर्मदापुरम एवं विद्यालय का नाम गर्व से रोशन कर रहा है। होनहार कैडेट कॉरपोरल आदर्श तिवारी न केवल अपनी मेहनत से सम्मान प्राप्त कर रहा है बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन गया है। स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर डॉ आशीष चटर्जी एवं प्राचार्य मोना चटर्जी ने कैडेट को चयन हेतु बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। एनसीसी केयर टेकर शेख कमर ने कैडेट को भोपाल रेल्वे स्टेशन से शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

# तीन दिवसीय नर्मदारंगम नाट्य समारोह आज से

नर्मदापुरम (निप्र)। साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति रेपट्री नर्मदापुरम द्वारा तीन दिवसीय नर्मदारंगम नाट्य समारोह का आयोजन आज से 30 दिसंबर तक किया जा रहा है। समिति के रत्नेश साहू व अभिषेक सैनी ने बताया कि समिति द्वारा नर्मदारंगम के तहत नवम वर्ष में नाट्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव 28 दिसंबर से 30 दिसंबर तक प्रतिदिन सायं 7 बजे से. नर्मदा महाविद्यालय ऑडिटोरियम में होगा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव रहेंगी।

**ये होंगी प्रस्तुतियां**

28 दिसंबर को पूर्वरंग 'वीणा पाणि वृंद गान' समूह . वीणा पाणि संगीत एवं सामाजिक संस्था नर्मदापुरम के द्वारा होगा। सायं 7.30 बजे से नाटक 'रीढ़ की हड्डी' जिसके लेखक .डॉ जगदीश चंद्र माथुर, परिकल्पना एवं निर्देशन रत्नेश साहू, समूह साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति रेपट्री नर्मदापुरम द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। दूसरे दिन 29 दिसंबर को नाटक . संत तुलसीदास जिसके लेखक सतीश दवे एवं संजय मेहता,परिकल्पना एवं निर्देशन संजय मेहता, समूह रंगशीर्ष नाट्य संस्था भोपाल द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। समापन दिवस 30 दिसंबर को नाटक हिंदोस्तान जाकर कहना, जिसके लेखक चंद्रगुप्त विद्यालंकार, परिकल्पना एवं निर्देशन रत्नेश साहू, समूह साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति रेपट्री द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

# भाजपा की रायशुमारी में 26 ने की जिलाध्यक्ष पद पर दावेदारी

## दिन भर भाजपा कार्यालय में होती रही रायशुमारी, जनवरी के प्रथम सप्ताह तक होगी घोषणा



नर्मदापुरम (निप्र)। भाजपा के जिलाध्यक्ष पद के लिए भाजपा कार्यालय में पूरे दिन रायशुमारी का दौर जारी रहा। जिले की चारों विधानसभा से करीब दो दर्जन से अधिक दावेदार जिलाध्यक्ष पद के सामने आए हैं। भाजपा की संगठनात्मक प्रक्रिया जारी है। जिसके चलते पूर्व में मंडल अध्यक्ष के चयन होने के बाद शुक्रवार को अपेक्षित पदाधिकारियों की राय लेने के लिए भाजपा के दो पदाधिकारियों ने बंद कमरे में करीब 71 भाजपा पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष पद के लिए पर्ची पर अपनी राय दी। दो अनुपस्थित होने पर उनसे मोबाइल पर चर्चा कर उनकी राय ली गई। इस बीच जो जिलाध्यक्ष पद के लिए अपने आपकों जो दावेदार मान रहे हैं उनसे भी आवेदन लिया गया जिसमें उनकी योग्यता संबंधी जानकारी ली गई। करीब 26 भाजपा नेताओं ने जिलाध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। जिसमें इटारसी नर्मदापुरम, सिवनी मालवा, सोहागपुर पिपरिया व ग्रामीण अंचल के अनेक पदाधिकारियों ने दावेदारी प्रस्तुत की है।सांसद दर्शन सिंह ने चर्चा के दौरान कहा कि भाजपा में संगठन की विचारधारा सर्वोपरी है अनुशासनात्मक तरीके से जिलाध्यक्ष पद के लिए आज रायशुमारी हुई है। पार्टी के पदाधिकारियों के द्वारा अपनी राय दी गई है। इसी तरह राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि पार्टी की रीति नीति के तहत जिलाध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी हुई है। अनेक दावेदारों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। बनना कोई एक है। पार्टी के निर्देशों के तहत चयन प्रक्रिया होती है।

### दिन भर रही गहमागहमी

रायशुमारी के दौरान भाजपा कार्यालय में जिले भर से भाजपा के नेता आए हुए थे। दोनों सांसद, चारों विधायक, नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष, सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। पूरे दिन गहमागहमी का माहौल रहा। केंद्र और राज्य में सत्ता होने से पार्टी के जिलाध्यक्ष बनने के अनेक भाजपाईयों में सक्रियता देखी जा रही थी।

### नव वर्ष के प्रथम सप्ताह में होगी घोषणा

भाजपा के पदाधिकारियों का कहना है कि अभी रायशुमारी हुई है। पेनल बनकर जाएगा। उसके बाद भोपाल से पार्टी जनवरी के प्रथम सप्ताह में जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा करेगी।

# संभागायुक्त के निर्देशानुसार जलभराव की समस्या से किसानों को मिली निजात

## शुक्करवाड़ा उप-नहर का अतिरिक्त पानी प्राकृतिक नाले में किया गया डायवर्ट



नर्मदापुरम (निप्र)। संभागायुक्त नर्मदापुरम संभाग के. जी. तिवारी द्वारा नहर निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के परिपालन में शुक्करवाड़ा नहर की चैन क्रमांक 857 और ग्राम अहारखेड़ा में बने एस्केप का अनुविभागीय अधिकारी सिंचाई, नायब तहसीलदार, राजस्व विभाग के अधिकारी और पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से मौका निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित किसानों और ग्रामीणों को जल निकासी के लिए एस्केप को खुले रखने की समझाइश दी गई, जिससे सभी ने सहमति जताई। शुक्करवाड़ा डिस्ट्रीब्यूट्री की चैनल क्रमांक 857 पर जल निकासी की समस्या का समाधान कर लिया गया है। इस चैनल पर 2 फीट व्यास का एस्केप पाइपलाइन स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से नहर का अतिरिक्त पानी प्राकृतिक नाले में डायवर्ट किया गया है। इसके लिए 2 फीट चौड़ी और 2 फीट गहरी नाली का निर्माण किया गया है, जो लगभग 150 फीट लंबी है और प्राकृतिक नाले से जुड़ी हुई है। यह नाला नहर से नर्मदा नदी तक फैला हुआ है, जिसकी लंबाई लगभग 1.5 किमी है। इस कदम से नहर से अतिरिक्त पानी की निकासी की समस्या का स्थायी समाधान मिल गया है। इस जल निकासी से शुक्करवाड़ा उप-नहर की चैनल 1003 पर स्थित ग्राम शुक्करवाड़ा के किसानों को बड़ा लाभ होगा, जिनकी फसलें पहले अतिरिक्त पानी के कारण प्रभावित हो सकती थीं। अब इस व्यवस्था के कारण किसानों को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी और उनकी फसल को कोई नुकसान नहीं होगा।

# शाला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वीर बाल दिवस




नर्मदापुरम (निप्र)। भारत सरकार द्वारा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में घोषित किया गया है। यह दिन सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों की वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। साहिबजादों ने धर्मए मानवता और सच्चाई की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इस विशेष अवसर परए ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में वीर बाल दिवस को बड़े उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत गुरबाणी के पाठ और साहिबजादों की जीवन यात्रा पर आधारित एक प्रेरणादायक भाषण से हुई। शिक्षिकाओं ने बच्चों को साहिबजादों के बलिदान और उनके अद्वितीय धैर्य एवं साहस के प्रेरक किस्से सुनाए। इसके साथ हीए बच्चों ने कविताओं और गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दींए जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने साहिबजादों के बलिदानों पर आधारित कहानी प्रतियोगिता में भी भाग लियाए जिससे उन्हें साहिबजादों की शिक्षा और जीवन मूल्यों को समझने का अवसर मिला। शाला प्राचार्य डॉक्टर आशीष चटर्जी ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए साहिबजादों के बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि साहिबजादों ने कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपने धर्म और सत्य के प्रति अडिग रहकर संपूर्ण मानवता को जीवन जीने की एक दिशा दिखाई। डॉण् चटर्जी ने बच्चों को धैर्य, दृढ़ता और राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जोर देते हुए समझाया कि साहिबजादों की शिक्षाएं हमें विपरीत परिस्थितियों में भी मजबूत रहने की प्रेरणा देती हैं।कार्यक्रम के दौरान बच्चों को साहिबजादों की शहादत से जुड़े प्रेरक वृत्तचित्र भी दिखाए गएए जिससे बच्चों को उनके त्याग और बलिदान की गहराई को समझने में मदद मिली। साथ हीए विद्यालय प्रबंधन ने सभी शिक्षकोंए बच्चों और अभिभावकों से इस दिन की महत्ता को अपने जीवन में उतारने और इसे आगे बढ़ाने का आग्रह किया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय में एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गईए जिसमें साहिबजादों की जीवन गाथा और सिख धर्म की महान शिक्षाओं को प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी ने बच्चों और अभिभावकों को वीर बाल दिवस के महत्व को गहराई से समझने का अवसर प्रदान किया। विद्यालय ने इस दिन को न केवल एक उत्सव के रूप में मनायाए बल्कि बच्चों में साहिबजादों की शिक्षाओं को आत्मसात करने का प्रयास भी किया। द चैम्प्स फन स्कूल ने वीर बाल दिवस के माध्यम से यह संदेश दिया कि साहिबजादों की शिक्षा और उनके बलिदान आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। यह दिन बच्चों और अभिभावकों के लिए न केवल सीखने का बल्कि अपने कर्तव्यों और नैतिक जिम्मेदारियों को समझने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर बन गया।

### आगामी तीन दिवस में परिवहन एवं स्वीकृति पत्रक पूर्ण कराये किसानों के भुगतान त्वरित गति से कराये जाये : कलेक्टर सोनिया मीना



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में आज धान उपार्जन समिति की बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना ने उपार्जन संस्था सिविल सप्लाईज कार्पो. को निवीकृति पत्रक पूर्ण करायें। कलेक्टर सुश्री मीना ने बैठक में सहकारित विभाग को स्कंध के हैंडलिंग चालान जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया तथा निर्देश दिए कि किसानों के भुगतान त्वरित गति से कराये जाए।

### अचानक थमे ट्रेन के पहिएः 'हमसफर एक्सप्रेस' में सफर कर रहे यात्रियों में मचा हड़कंप, वजह पता चली तो उड़ गए होश

बैतूल (आरएनएस)। पटना से बैतूल जा रही हमसफर एक्सप्रेस का इंजन अचानक फेल हो गया, जैसे ही इसकी खबर ट्रेन में बैठे यात्रियों तक पहुंची उनके बीच हड़कंप मच गया। जिसके बाद ट्रेन बैतूल स्टेशन में करीब 20 मिनट तक खड़ी रही। बताया जा रहा है कि ट्रेन के इंजन में तकनीकी गड़बड़ी आ गई थी। जिसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ट्रेन का इंजन पावर बैकअप नहीं ले पा रहा था, जिसके बाद रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग को इसकी सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही रेलवे इंजीनियरिंग विभाग टीम बैतूल स्टेशन पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद इंजन को सुधारा। जिसके बाद ट्रेन आगे अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। ट्रेन के मौके से रवाना होने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है 22353 हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन पटना से बेंगलुरु जा रही थी।

# आबकारी विभाग द्वारा की गई जप्त देशी, विदेशी एवं कच्ची हाथभट्टी शराब की नष्टीकरण की कार्यवाही

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला आबकारी अधिकारी नर्मदापुरम अरविंद सागर ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं माह सितम्बर 2024 तक जिले में अवैध मदिरा परिवहन, संग्रहण, विनिर्माण, धारण एवं चौर्यनयन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाये गये। अभियान के तहत आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कायम किये गये कुल 4001 प्रकरणों में जप्त देशी मदिरा 4829 पाव, विदेशी मदिरा वीयर 30 बोतल (650 एमएल) 174 (500 एमएल केन), विदेशी मदिरा स्प्रिट 1416 पाव, कच्ची हाथभंट्टी शराब 27014.7 बल्क लीटर मदिरा / लाहन (सेम्पल) का नष्टीकरण आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 55 (3) के अन्तर्गत कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना की ओर से मनोनीत सिटी मजिस्ट्रेट बृजेन्द्र रावत नर्मदापुरम शहर की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष कचरा पटटी, खोजनपुर रोड, ईदगाह, न र्मदापुरम स्थल पर गुरूवार 26 दिसम्बर को नष्टीकरण की कार्यवाही की गई। उपरोक्त मदिरा का नष्टीकरण नगर पालिका, नर्मदापुरम द्वारा उपलब्ध कराई गई, जे.सी.बी. के माध्यम से कराई गई। नष्ट की गई शराब की अनुमानित कीमत 59,84,870/- है।

कार्यवाही के दौरान जिला आबकारी अधिकारी नर्मदापुरम अरविंद सागर, सहायक जिला आबकारी अधिकारी विनोद सल्लाम, सहायक जिला आबकारी अधिकारी राहुल ढोके, आबकारी उप-निरीक्षक वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, नीलेश पवार, सुयश फौजदार, राजेश साहू, हेमन्त चौकसे, कृष्ण कुमार पडरिया एवं वृत कार्यालय में पदस्थ आबकारी बल उपस्थित रहे।

# वृद्धाश्रम में पहुंचकर साड़ियों का वितरण किया, मनाया वीर बाल दिवस



सीहोर (निप्र)। शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में जिला संस्कार मंच के तत्वाधान में दो दिवसीय वीर बालक दिवस का आयोजन किया गया था। इस मौके पर मंच की ओर से डेविड मून, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, राजेश परिहार आदि ने यहां पर निवासरत बुजुर्ग महिलाओं को साड़ियों का वितरण किया। इस मौके पर जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने कहा कि सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के दो छोटे साहिबजादों, जोरावर सिंह और फतेह सिंह को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। इन युवा साहिबजादों ने धर्म और मानवता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। इन्हीं के सम्मान और याद में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। बड़े गर्व का विषय है कि आज भी इन जैसे बच्चों के संस्कारों के कारण ही हमारी देश की संस्कृति अमर है। हर बच्चे को गुरु के पुत्रों का अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन आश्रम के संचालक राहुल सिंह के मार्गदर्शन में किया गया था। इस मौके पर आभार प्रदर्शन आश्रम की ओर से विकाश अग्रवाल, कमलेश राय, आकाश राय, बाबू सिंह आदि ने व्यक्त किया।

# आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

## समाज में सुधार के लिए बच्चों एवं बुजुर्गों को कथा का श्रवण करना चाहिए : संत गोविन्द जाने

सीहोर(निप्र)। हमें परमात्मा मिलन और सत्कर्म करने के लिए भगवान को खोजना पड़ता है। मानव जीवन मिलने के बाद भगवान को मनाने की हमें कोशिश करते रहना चाहिए। जब हम संसार की मोह माया त्याग कर प्रभु की शरण में मंदिर जाएं और इसे अपने जीवन में आत्मसात करें। उक्त विचार शहर के सिंधी कालोनी स्थित विशाल मैदान में गोदन सरकार सेवा समिति हनुमान मंदिर सीहोर के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संत गोविन्द जाने ने कहे। शुक्रवार को आस्था और उत्साह के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। भागवत कथा में मालवा माटी के प्रसिद्ध संत गोविंद जाने ने संगीतमय मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। जिसे सुनकर वहां मौजूद श्रद्धालु खुद को रोक नहीं पाए और प्रभु की भक्ति में मगन हो झूमने लगे। उन्होंने कहा कि सनातन की जागरूकता के लिए सभी को मंदिर जाना चाहिए।शुक्रवार को कथा के दौरान उन्होंने कहा कि सेवक का कर्म सबसे बड़ा है। स्वामी का कर्म एक बार छोटा हो सकता है, लेकिन सेवा का कार्य सबसे महान होता है। संतों की सेवा सबसे बडा पुनित कार्य है। जीवन को ऊंचाइयों तक पहुंचाना है तो इसके लिए धर्म को अपनाना होगा।

समाज में सुधार के लिए बच्चों एवं बुजुर्गों को कथा का श्रवण करना चाहिए संत गोविन्द जाने ने कहा कि भक्तों से कहा कि सभी धर्मों में अच्छी बातें कही गई हैं। लोग किसी व्यक्ति की बात सुने या ना सुने लेकिन सभी धर्म के संदेशों को जीवन में अवश्य अपनाना चाहिए। समाज में सुधार के लिए बच्चों एवं बुजुर्गों को कथा का श्रवण करना चाहिए। क्योंकि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने वाले भक्तों को भगवान के प्रति भावना और ज्यादा बढ़ जाती है और उसकी भगवान जरूर सुनता है। जिससे उसके सारे काम बनते चले जाते हैं। जीवन मंत्र और रघुकुल के संस्कारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में हमेशा लिखे हुए कागज की तरह ही बनो,



क्योंकि लिखा हुआ कागज मूल्यवान होता हैं। अपने जीवन की किताब में अनमोल शब्द लिखने का प्रयास करो ताकि आपकी हमेशा कद्र होती रहे। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें भगवान के नाम का जाप करते रहना चाहिए, क्योंकि भगवान का नाम और उनके गुण दोनों ही सुंदर है। अनेकानेक पात्रों के द्वारा अपने धर्म अपने संस्कृति अपने राष्ट्र की रक्षा कैसे हो इसे दर्शाया है। भारतीय संस्कृति रूपी सीता की रक्षा करने के लिए जटायु ने लंकापति रावण से मोर्चा लिया। अंत मे वीर गति को प्राप्त हो जाते है।

राम के कार्य करने वाला कभी मरता नहीं अमर हो जाता है

शुक्रवार को जटायु प्रसंग पर चर्चा करते हुए कहा कि पुकार सुनने के बाद जटायु ने अपनी चोंच से रावण को घायल करने की कोशिश की। वीर गति प्राप्त करने से पहले उसने भगवान के लिए संघर्ष किया। जटायु ने माता सीता से पूछा की मुझे भगवान श्रीराम के दर्शन कब होंगे तो माता सीता ने कहा कि जटायु राम के कार्य करने वाला कभी मरता नहीं है अमर हो जाता है।

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*